बिहार सरकार
सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग
समय विस्तार सूचना

"बिहार राज्य पत्रकार बीमा योजना–2014" के तहत पी0आर0सं0–023476 (I&PRD) 2025–26 के माध्यम से प्रकाशित सूचना द्वारा **"बिहार राज्य पत्रकार बीमा योजना, 2014"** के तहत पत्रकारों को बीमित करने हेतु पत्रकारों से दिनांक–17.02.2026 तक Online आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

कई पत्रकारों के द्वारा यह अनुरोध किया गया है कि उनके द्वारा ससमय आवेदन समर्पित नहीं किया जा सका है।

उक्त के आलोक में **"बिहार राज्य पत्रकार बीमा योजना–2014"** के तहत Online आवेदन समर्पित करने के लिए तिथि अंतिम रूप से **दिनांक–21.02.2026** तक विस्तारित की जाती है।

Online आवेदन समर्पित करने के क्रम में किसी भी तरह की तकनीकी समस्या होने की स्थिति में कार्यालय अवधि में (पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक) मो0–8757554614 एवं 7781818125 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
(अनिल कुमार)
निदेशक

ज्ञापांक–प्रेस(शाखा)493/2021 पार्ट–2........../सू0ज0स0वि0,पटना, दिनांक–..........

प्रतिलिपि :– सभी जिला जन–सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि स्थानीय स्तर पर इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए सभी पात्र मीडिया कर्मियों से ससमय आवेदन प्राप्त करेंगे। सभी प्राप्त आवेदनों की गहन जाँच ऑनलाइन प्रक्रिया से करते हुए मुख्यालय को फॉरवर्ड करेंगे तथा जिला जन–सम्पर्क कार्यालय में समर्पित प्रिंट आउट एवं डीडी **दिनांक–26.02.2026** तक अचूक रूप से विशेष दूत के माध्यम से मुख्यालय भेजना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के बाद मुख्यालय में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे तथा विलम्ब के लिए संबंधित जिला जन–सम्पर्क पदाधिकारी जवाबदेह होंगे।

ह0/–
निदेशक

ज्ञापांक–प्रेस(शाखा)493/2021 पार्ट–2........../सू0ज0स0वि0,पटना, दिनांक–..........

प्रतिलिपि :– सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को कृपापूर्ण सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि भवदीय पर्यवेक्षण में इसे ससमय निष्पादित कराने की कृपा की जाए।

ह0/–
निदेशक

ज्ञापांक–प्रेस(शाखा)493/2021 पार्ट–2........../सू0ज0स0वि0,पटना, दिनांक–..........

प्रतिलिपि :– उप निदेशक (विज्ञापन), सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को प्रमुख समाचार पत्रों के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/–
निदेशक

ज्ञापांक–प्रेस(शाखा)493/2021 पार्ट–2.423/सू0ज0स0वि0,पटना, दिनांक–17/02/26

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक